# DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
## LIBRARY
## PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS----- नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । शनिवार, 6 दिसंबर 2025 ED-----------------------


# 6-7 दिसंबर को लगेगा PM उदय कैंप

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री अनधिकृत कॉलोनी दिल्ली आवास योजना (पीएम उदय) के तहत इस वीकेंड पर डीडीए 10 जगहों पर विशेष कैंप का आयोजन कर रहा है। फेज-2 के तहत सिंगल विंडो कैंप लगाए जा रहे है। यहां पर अनधिकृत कॉलोनियों मे रहने वाले लोग अपने मकान का मालिकाना हक पाने के लिए अधिकारियों से संपर्क कर सकते है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS- नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । सोमवार, 8 दिसंबर 2025 DATED-

# TOD प्रोजेक्ट में घर लेने का आज आखिरी मौका

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** ईस्ट दिल्ली हब के कड़कड़डूमा में पहले ट्रांजिट ओरिएंटेड डिवेलपमेंट (टीओडी) प्रोजक्ट टावरिंग हाइट्स में फ्लैट के ई-ऑक्शन के लिए रजिस्ट्रेशन की सोमवार को आखिरी तारीख है। रजिस्ट्रेशन के साथ ही आपको ई-ऑक्शन में हिस्सा लेने के लिए न्यूनतम राशि भी सोमवार को ही जमा करवानी होगी।

**न्यूनतम राशि भी सोमवार को ही जमा करवानी है**

डीडीए के अनुसार स्कीम को काफी अच्छा रिस्पांस मिला है। डीडीए पहले ही इस स्कीम के लिए लोन लेने की प्रक्रिया को आसान कर चुका है। इसके अलावा कुछ बैंक भी अपने विशेष ऑफर लेकर आए हैं। डीडीए ने इस हाउसिंग स्कीम में अब घर खरीददारों को बैंक से लोन लेने के लिए डीडीए की एनओसी लेने की प्रक्रिया को खत्म कर दिया है। स्कीम में पहले 21 नवंबर अंतिम तारीख थी, जिसे बढ़ाकर आठ दिसंबर किया गया था।डीडीए अधिकारी के अनुसार टावरिंग हाइट्स स्कीम में 1026 फ्लैट्स हैं।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

पंजाब केसरी
DELHI

6 दिसम्बर, 2025 ▸ शनिवार

NAME OF NEWSPAPERS

अमर उजाला
नई दिल्ली। शनिवार। 6 दिसंबर 2025

# पीएम उदय योजना के तहत आज से 10 स्थानों पर लगाए जाएंगे सिंगल विंडो कैंप

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को संपत्ति का मालिकाना हक देने की प्रक्रिया में तेजी ला रहा है। डीडीए सोशल मीडिया व अन्य साधनों से सिंगल विंडो कैंप के माध्यम से रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए लोगों को जागरूक कर रहा है। पीएम-उदय योजना के तहत लोगों को रजिस्ट्रेशन कराने में मदद के लिए डीडीए शनिवार व रविवार को दिल्ली में 10 स्थानों पर सिंगल विंडो कैंप (फेज-2) लगाएगा। डीडीए ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से यह जानकारी साझा की। डीडीए ने कहा कि ये डीडीए मार्केट रामलीला मैदान पीतमपुरा, नागरिक सुविधा केंद्र डीडीए नर्सरी सेक्टर-5 द्वारका, डीडीए ऑफिस कंपलेक्स मुनिरका, प्लॉट नंबर 4, शॉप नंबर 6, ग्राउंड फ्लोर डीडीए बिल्डिंग लक्ष्मी नगर डिस्ट्रिक्ट सेंटर, डीडी नियर दीपाली चौक, सेक्टर 3 रोहिणी, डबल टंकी पश्चिम विहार नई दिल्ली, जीटीके डिपो के नजदीक मुकरबा चौक, डीडीए कैंप ऑफिस मयूर विहार फेस 2, अपोजिट साइड मयूर विहार बस डिपो, एमसीडी बिल्डिंग नियर डांसा बस स्टैंड, मेट्रो स्टेशन नजफगढ़, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर का दफ्तर (प्रोजेक्ट डिवीजन) नियर सरिता विहार मेट्रो स्टेशन सरिता विहार में लगाए जाएंगे। डीडीए ने एक्स पर कहा कि इन सिंगल विंडो कैंप में स्वीकृत मामलों के एएस/सीडी का निष्पादन किया। जाएगा मौजूदा आवेदनों में लंबित कर्मियों को दूर करने के लिए आवेदकों की विशेष हेल्प की जाएगी।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS- पंजाब केसरी DELHI - 8 दिसम्बर, 2025 ▸ सोमवार

# डीडीए के टावरिंग हाइट्स प्रोजेक्ट में रजिस्ट्रेशन का आज अंतिम दिन

**नई दिल्ली,(पंजाब केसरी):** दिल्ली की सबसे उंची रिहायशी इमारत में अपना सपनों का आशियाना पाने का आपके पास आखिरी मौका है। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के गगनचुंबी कड़कड़डूमा टावरिंग हाइट्स प्रोजेक्ट में फ्लैट खरीदने के लिए ई-ऑक्शन रजिस्ट्रेशन कराने व बयाना जमा कराने की अंतिम तारीख सोमवार आठ दिसंबर है। इस संबंध में डीडीए ने एक्स पर जानकारी साझा की है जिसमें बताया गया है कि ई-ऑक्शन रजिस्ट्रेशन व बयाना जमा करने की तारीख आठ दिसंबर तक बढ़ा दी गई है। वहीं 15 दिसंबर से ई-ऑक्शन की प्रक्रिया शुरू होगी। इससे पहले डीडीए द्वारा रजिस्ट्रेशन और ईएमडी जमा करने की अंतिम तारीख 21 नवंबर तय की गई थी। जबकि अंतिम आवेदन 24 नवंबर शाम छह बजे तक जमा किया जा सकता था। वहीं ई-नीलामी की प्रस्तावित तारीख एक से चार दिसंबर के बीच तय की गई थी। यहां बता दें कि डीडीए ने टावरिंग हाइट्स प्रोजेक्ट के लिए ट्रांजिट-ओरिएंटेड डेवलपमेंट (टीओडी) नीति के तहत 1.78 करोड़ रुपये से शुरू होने वाले 1,026 प्रीमियम 2-बीएचके फ्लैटों की घोषणा की थी। इस आवासीय इमारत का निर्माण जुलाई 2026 तक पूरा हो जाएगा। करीब 30 हेक्टेयर में फैले पूर्वी दिल्ली हब को एक विश्व स्तरीय मिश्रित उपयोग वाले शहरी केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसमें जीवंत, पैदल चलने योग्य शहरी वातावरण के भीतर आवासीय, वाणिज्यिक और नागरिक स्थानों को एकीकृत किया जाएगा। यह राजधानी में अब तक की सबसे ऊंची इमारत होगी, जिसमें 48 मंजिलें होंगी और यह 155 मीटर ऊंची होगी। 1.78 करोड़ से 3.09 करोड़ रुपये के बीच की लागत वाले इन फ्लैटों का एरिया 142 स्क्वायर मीटर से 250 स्क्वायर मीटर तक रहेगा।

**15 दिसंबर से शुरू होगी ई-ऑक्शन की प्रक्रिया**